# कार्यालयः राजकीय महाविद्यालय बनबसा
# चम्पावत (उत्तराखंड) 262310

**प्रेस विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना** दिनांक: 30/04/2026

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के तत्वावधान में महाविद्यालय में बी.ए. सम सत्रार्ध (2nd Sem, 4th Sem, 6th Sem)–2026 से सम्बन्धित विद्यार्थियों की आन्तरिक परीक्षाओं (Enternal Assignment Examination) का आयोजन निम्नानुसार आरम्भ हो गया है–

| Subject | Date | Time |
|---|---|---|
| AEC | 30-04-2026 & 02-05-2026 | 11:00 Am to 02:00 Pm |
| SEC | 04-05-2026 & 05-05-2026 | 11:00 Am to 02:00 Pm |
| VAC | 06-05-2026 & 07-05-2026 | 11:00 Am to 02:00 Pm |

प्रभारी प्राचार्य, डॉ0 राजीव कुमार सक्सेना जी ने बताया कि उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार आगामी **07-05-2026** तक परीक्षाएं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाऐंगी जिसमें सभी सम्बन्धित विद्यार्थियों का ससमय उपस्थित होना अनिवार्य है।

परीक्षा प्रभारी डॉ0 भूप नरायन दीक्षित के अनुसार आज **AEC** के लगभग **65%** परीक्षार्थियों ने अपने एसाइन्मेंट कार्य महाविद्यालय को उपलब्ध कर दियें हैं शेष एसाइनमेंट कार्य भी आगामी दिवसों में महाविद्यालय को उपलब्ध हो जायेंगे और किसी विद्यार्थी को विलम्ब शुल्क जमा नही करना पड़ेगा ऐसी आशा व्यक्त की।

आज के परीक्षा कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में प्राध्यापक गण, डॉ0 सुशीला आर्या, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ0 हेम कुमार गहतोड़ी, डॉ. दीप्ति कार्की, श्रीमती कमला चडडा एवं कार्यालयी कर्मचारीगण–श्रीमती जयन्ती देवी, श्री अमर सिंह, श्री त्रिलोक चन्द्र कांडपाल, श्री नर सोनू का सहयोग रहा है।

Rajeev Kr Saxena
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)
उत्तराखण्ड.

(डॉ. भूप नरायन दीक्षित)
परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय
उत्तराखण्ड


UB
ACOSTE
G.D.C.B
2026.04.30 12:00


2026.04.30 12:00


G.D.C.B
2026.04.30 12:05




2026.04.30 12:05


G.D.C.B
2026.04.30 12:05

# कार्यालयः प्राचार्य, राजकीय महाविद्‌यालय बनबसा
# चम्पावत (उत्तराखंड) 262310

शिक्षा ददाति विनयम्

आवश्यक सूचना — दिनांक: 23/04/2026

विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्याः SSJU/Exam/2026/7318 दिनांकः 21/03/2026 के अनुक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सम सेमेस्टर परीक्षाओं के **AEC/SEC/VAC** विषयों की परीक्षा महाविद्यालय में निम्न समय सारणी के अनुसार सम्पन्न होंगी।

| Subject | Date | Time |
|---|---|---|
| AEC | 30-04-2026 & 02-05-2026 | 11:00 Am to 02:00 Pm |
| SEC | 04-05-2026 & 05-05-2026 | 11:00 Am to 02:00 Pm |
| VEC | 06-05-2026 & 07-05-2026 | 11:00 Am to 02:00 Pm |

पत्र के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में आपके विषय–संयोजक द्वारा आपसे सम्बन्धित पाठ्‌यक्रम के अनुसार अधिकतम (05) दीर्घत्तरीय प्रश्न आपको एसाइनमेंट कार्य हेतु उपलब्ध कराये जाऐंगे, जिनके उत्तर उपर्युक्त समय–सारणी के अनुसार ही आपके द्वारा A4 साइज के कागज पर हस्तलिखित रूप में परीक्षा कक्ष में स्वयं उपस्थित होकर कक्ष निरीक्षक के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

एसाइनमेंट कार्य हेतु उर्पुक्त समय सारणी के अनुसार उपस्थित न होने वाले विद्यार्थियों के एसाइनमेंट अंकों की प्रविष्टि समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विलम्ब शुल्क जमा किये बिना सम्भव नही होगी।

परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा चम्पावत उत्तराखण्ड

अवलोकित

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)
उत्तराखण्ड

# अमर उजाला 01.05.2026

## बीए सम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा शुरू

**बनबसा (चंपावत)।** बनबसा राजकीय महाविद्यालय में बीए सम द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षाएं बृहस्पतिवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं सात मई तक चलेंगी। परीक्षा प्रभारी डॉ. भू नारायण दीक्षित ने बताया कि एबिलिटी इनहेंस कोर्स (एसीई), स्किल इनहेंसमेंट कोर्स (एसईसी), वैल्यू एडेड कोर्स (वीएसी) के तहत करीब 65 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने अपने असाइनमेंट कार्य महाविद्यालय में जमा करा दिए हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार सक्सेना ने परीक्षार्थियों से समय पर अपने असाइनमेंट जमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि समय पर असाइनमेंट जमा नहीं कराने पर विश्वविद्यालय के नियमों के तहत विलंब शुल्क देना होगा। परीक्षा संपन्न कराने में प्राचार्य डॉ. राजीव, प्राध्यापक डॉ. सुशीला आर्या, डॉ. दीप्ति कार्की आदि ने सहयोग दिया। संवाद


G.D.C.B
BRAND
2026.05.02 10:57


perceive every situation
adidas
2026.05.05 12:07



# कार्यालयः राजकीय महाविद्यालय बनबसा
# चम्पावत (उत्तराखंड) 262310

**प्रेस विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना** दिनांक: 16/05/2026

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के अन्तर्गत महाविद्यालय में आयोजित सम सत्रार्ध (Even Semester) 2026 से सम्बन्धित परीक्षा कार्यक्रम आज दिनांकः 16/05/2026 दिन शनिवार से **4th Sem** के अंग्रेजी एवं संस्कृत साहित्य विषय की परीक्षा के साथ प्रारम्भ हो गया है। आज की परीक्षा में अंग्रेजी विषय के–51 (19 छात्र, 33 छात्राएं) एवं संस्कृत विषय के–05 छात्र परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमे भूतपूर्व विद्यार्थी भी सम्मिलित रहे। परीक्षाएं दिनांकः 16/05/2026 से 13/06/2026 तक गतिमान रहेंगी, जिसमे सभी विषयों में भूतपूर्व परीक्षार्थियों सहित लगभग–192 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।

परीक्षा शुभारम्भ के इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) आनन्द प्रकाश सिंह ने महाविद्यालय के परीक्षा मंडल–सदस्य/सभी प्राध्यापकों–डॉ. राजीव कुमार सक्सेना, डॉ. सुशीला आर्या, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. दीप्ति कार्की, श्री हेम कुमार गहतोड़ी, श्रीमती कमला चड्डा एवं कार्यालयी कर्मचारी गणों–श्री त्रिलोक कांडपाल, श्री अमर सिंह, श्री विनोद कुमार चन्द एवं श्री नरसोनू से परीक्षा को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा के साथ–2 परीक्षार्थियों एवं अपने सहयोगियों के बीच समन्वय बनाये रखने एवं समय से महाविद्यालय में पधारने पर विशेष बल दिया।

परीक्षा प्रभारी डॉ. भूप नरायन दीक्षित ने भी सभी परीक्षार्थियों को महाविद्यालय में परीक्षा की प्रक्रिया को भी समझाते हुये बताया कि महाविद्यालय में प्रश्नपत्र प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व सभी विद्यार्थियों का उनके प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

इस अवसर पर प्राचार्य जी ने बताया कि परीक्षा अवधि में सिर्फ परीक्षार्थी ही परिसर में प्रवेश करेंगे इसके अतिरिक्त यदि कोई आवश्यक कार्य होगा तो विद्यार्थी स्वयं से सम्बन्धित आई. डी. कार्ड/प्रवेश पत्र के साथ अनुमति प्राप्त कर महाविद्यालय में आयेंगे तथा निश्चित समय सीमा के पश्चात महाविद्यालय परिक्षेत्र में नही रुकेंगे।

आज की परीक्षा के विषय में परीक्षार्थियों की मिली–जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली जिसमें कुछ परीक्षार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता का भाव दृष्टिगोचर हो रहा था, जबकि कुछ के चेहरों पर विस्मय के भाव भी परिलक्षित हो रहे थे। उनका कहना था कि "प्रश्नपत्र आशा के अनुरूप ही आया है, यदि थोड़ा और सरल होता तो और ज्यादा अच्छा होता।"

परीक्षा प्रभारी

परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा चम्पावत (उत्तराखंड)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

आचार्य,
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)


2026.05.16 09:22


2026.05.16 09:22


निकास
EXIT
GDCB
GDCB
2026.05.16 10:29









अमर उजाला कुमाऊं युवा
17.05.2026

# 996 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 35 रहे गैरहाजिर

## एलएसएम परिसर में निदेशक और उड़नदस्ता टीम ने लिया परीक्षाओं का जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

पिथौरागढ़। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के एलएसएम परिसर में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तरीय परीक्षा हुई। 996 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 35 गैरहाजिर रहे। निदेशक डॉ. ...न चंद पांडेय एवं उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया।

परिसर के मीडिया प्रभारी डॉ. एएस ...ने बताया कि प्रातःकालीन परीक्षा ...से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे संपन्न हुई। इसमें बीए, बीएससी एवं बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के कुल पंजीकृत 718 परीक्षार्थियों में से 698 परीक्षार्थी उपस्थित जबकि 20 अनुपस्थित रहे। सायंकालीन परीक्षा अपराह्न एक से चार बजे तक हुई। इसमें बीएड प्रथम, पीजी चतुर्थ सेमेस्टर के विभिन्न विषयों के कुल 313 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 298 उपस्थित एवं 15 अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि कोई भी विद्यार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया।

निदेशक ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षा को लेकर परीक्षा समिति से सदस्यों के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को कक्षों में परीक्षा प्रपत्रों के रखरखाव, परीक्षा कक्ष में विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने परीक्षा अवधि में ड्यूटी दे रहे कक्ष निरीक्षकों को मोबाइल फोन बंद रखने और एक ही स्थान पर खड़े नहीं रहने को कहा। इस दौरान परीक्षा प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार भाकुनी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डीके उपाध्याय, दिनेश जोशी समेत उड़नदस्ता टीम के सदस्य मौजूद रहे।



पिथौरागढ़ के एलएसएम परिसर में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। स्रोत: परिसर

### सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से निपटीं

चंपावत। एसएसजे विश्वविद्यालय परिसर चंपावत में सम सेमेस्टर की परीक्षाएं गतिमान हैं। शनिवार को सुबह के सत्र में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की संस्कृत, अंग्रेजी, सांख्यिकी और आयकर की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से हुईं। परीक्षा के लिए 85 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जबकि तीन अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, योग विषय की परीक्षाएं हुईं, इन विषयों में पंजीकृत 66 विद्यार्थियों में चार अनुपस्थित रहे। संवाद

### बीए चतुर्थ सेमेस्टर की लिखित परीक्षाएं शुरू

बनबसा (चंपावत)। बनबसा महाविद्यालय में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की लिखित परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। पहले दिन संस्कृत और अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा में 56 परीक्षार्थी शामिल रहे। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 19 छात्र, 33 छात्राएं और संस्कृत में पांच परीक्षार्थियों परीक्षा दी। परीक्षाएं 13 जून तक संचालित होंगी। प्राचार्य प्रो. आनंद प्रकाश सिंह ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा संपन्न कराने में प्राचार्य, परीक्षा मंडल सदस्य डॉ. राजीव कुमार सक्सेना, डॉ. सुशीला आर्य, डॉ. सुधीर मलिक आदि ने सहयोग दिया। संवाद

### धारचूला में दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतरविद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

धारचूला
पिथौरागढ़) (वि)।

### लेफ्टिनेंट सौरभ का किया स्वागत


पिथौरागढ़ (वि)। डॉन बॉस्को स्कूल में पूर्व छात्र एवं भारतीय सेना में कार्यरत लेफ्टिनेंट सौरभ भंडारी का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड
Office of the Executive Engineer, PD,


अमर उजाला/17.05.2026

# बीए चतुर्थ सेमेस्टर की लिखित परीक्षाएं शुरू

बनबसा (चंपावत)। बनबसा महाविद्यालय में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की लिखित परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन संस्कृत और अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा में 56 परीक्षार्थी शामिल रहे। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 19 छात्र, 33 छात्राएं और संस्कृत में पांच परीक्षार्थियों परीक्षा दी। परीक्षाएं 13 जून तक संचालित होंगी। प्राचार्य प्रो. आनंद प्रकाश सिंह ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा संपन्न कराने में प्राचार्य, परीक्षा मंडल सदस्य डॉ. राजीव कुमार सक्सेना, डॉ. सुशीला आर्या, डॉ. सुधीर मलिक आदि ने सहयोग दिया। संवाद


NOW
G.D.C
2026.05.18 14:00


ng Ages
2026.05.23 09:35


2026.05.23 09:36


2026.05.23 09:36


G.D.C.


राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चम्पावत
विश्व तम्बाकू निषेध
दिवस 31 जून
EXIT
Polling Agent
2026.06.02 09:42


2026.06.05 08:57


राजकीय महाविद्यालय बनबसा
विद्या ददाति विनयम्
स्थापना वर्ष- 2014
2026.06.08 15:36


भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत विभिन्न कानून
रक्तदान
महादान
DRUGS
उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड
लोकार्पण
धन सिंह रावत
श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी

# कार्यालयः राजकीय महाविद्यालय बनबसा
# चम्पावत (उत्तराखंड) 262310

विद्या ददाति विनयम्

**प्रेस विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना** दिनांक: 17/06/2026

सोबन सिंह जीना विश्वविश्वविद्यालय अल्मोड़ा के तत्वावधान में दिनांकः 16/05/2026 से गतिमान बी.ए. द्वितीय सत्रार्ध (2nd–सेमेस्टर), चतुर्थ सत्रार्ध (4th–सेमेस्टर) और षष्ठ सत्रार्ध (6th–सेमेस्टर) से सम्बन्धित सम सत्रार्ध (Even.Sem.) की मुख्य एवं भूतपूर्व/बैक परीक्षाएं आज दिनांकः 17/06/2026 दिन बुधवार को द्वितीय सत्रार्ध (2nd–सेमेस्टर) की Hindi, Pol.Sc., Socio, English, Sanskrit, Economics (Minor Back) विषय की परीक्षा साथ महाविद्यालय में सम्पन्न हुई।

इस परीक्षा अवधि में निम्नानुसार नियमित एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया–

| क्र | विषय | छात्र संख्या | | | | | | कुल परीक्षार्थी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2nd Sem | | 4th Sem | | 6th Sem | | |
| | | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | |
| 1 | हिन्दी साहित्य | 12 | 30 | 16 | 35 | 12 | 17 | 122 |
| 2 | अंग्रेजी साहित्य | 14 | 19 | 08 | 31 | 10 | 04 | 86 |
| 3 | संस्कृत साहित्य | .... | 07 | 00 | 03 | 00 | 03 | 13 |
| 4 | अर्थशास्त्र | 12 | 09 | 08 | 06 | 09 | 06 | 50 |
| 5 | समाजशास्त्र | 12 | 15 | 13 | 42 | 19 | 10 | 111 |
| 6 | राजनीति विज्ञान | 16 | 28 | 16 | 44 | 10 | 24 | 138 |
| 7 | वैदिक स्टडीज | .... | ... | 20 | 54 | ... | ... | 74 |
| 8 | ड्राइंग एंड कलर स्टडीज | .... | ... | 20 | 54 | ... | ... | 74 |
| 9 | विवेकानन्द स्टडीज | .... | .... | .... | .... | 30 | 32 | 62 |

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ0 आनन्द प्रकाश सिंह जी ने परीक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभाने वाले सभी कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुये ग्रीष्मावकास घोषित कर उसके सकारात्मक उपभोग हेतु शुभकानएं दीं तथा आगामी सत्रः 2026–27 हेतु प्रवेश की प्रक्रिया में समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करने का आहवान करने के साथ–2 बताया कि अवकाश अवधि में भी प्रवेश से संबन्धित जानकारी महाविद्यालय–कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर अपडेट होती रहेगी। अतः नव प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उपर्युक्तानुसार महाविद्यालय–कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट का समय–2 पर अवलोकन करते रहें।

परीक्षा प्रभारी डॉ0 भूप नरायन दीक्षित ने भविष्य में महाविद्यालय सम्बन्धी सभी गतिविधियों में अनन्य सहयोग की आशा व्यक्त करते हुये परीक्षा समिति एवं सभी सहयोगियो का आभार व्यक्त किया। साथ परीक्षार्थियों को अवगत कराया कि वे अपने परीक्षा परिणाम सम्बन्धी जानकारियों के लिये महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

परीक्षा कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में प्राध्यापक गण डॉ0 राजीव कुमार सक्सेना, डॉ0 सुशीला आर्या, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ0 हेम कुमार गहतोड़ी, डॉ. दीप्ति कार्की, श्रीमती कमला चडडा एवं कार्यालयी कर्मचारीगण–श्रीमती जयन्ती देवी, श्री अमर सिंह, श्री त्रिलोक चन्द्र कांडपाल, श्री नर सोनू का सहयोग रहा है।

प्रवेश एवं महाविद्यालय सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र–9410364046 का उपयोग किया जा सकता है।

(डॉ. भूप नरायन दीक्षित)
परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

परीक्षा प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा चम्पावत (उत्तराखण्ड

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)
उत्तराखण्ड

क्षेत्र अ... रहा है ताकि
ऐतिहासि... के लाभों और
जिले में ... जा सके।

अमर उजाला 18.06.2026

# बनबसा के महाविद्यालय में संपन्न हुईं सेमेस्टर परीक्षाएं



बनबसा के महाविद्यालय में परीक्षा देते परीक्षार्थी। स्रोत : महाविद्यालय

बनबसा (चंपावत)। बनबसा महाविद्यालय में एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा की बीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न हो गई हैं। बुधवार को द्वितीय सेमेस्टर की हिंदी, राजनीति, सामाजिक, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र की परीक्षाएं हुईं। परीक्षाएं 16 मई से शुरू हुईं थी।

प्राचार्य प्रो. आनंद प्रकाश सिंह ने बताया कि हिंदी में 122, अंग्रेजी में 86, संस्कृत में 13, अर्थशास्त्र में 50, समाजशास्त्र में 111, राजनीति शास्त्र में 138, वैदिक स्टडीज में 74, ड्राइंग एंड कलर स्टडीज में 74, विवेकानंद स्टडीज में 62 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अब महाविद्यालय में ग्रीष्म अवकाश कर दिया गया है।

अब सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा। कहा कि अवकाश में भी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड में प्रवेश संबंधी जानकारियां दी जाएंगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

परीक्षा प्रभारी डॉ. भूप नारायण दीक्षित ने महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों में सहयोग के लिए सभी सहयोगियों का आभार जताया है। परीक्षा संपन्न कराने में डॉ. राजीव कुमार सक्सेना, डॉ. सुशीला आर्या, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. हेम कुमार गहतोड़ी, डॉ. दीप्ति कार्की, कमला चड्डा, कार्यालय कर्मी जयंती देवी, अमर सिंह,त्रिलोक कांडपाल, नर सोनू आदि ने सहयोग दिया। संवाद

2026.06.18 10:07